Title : Need for electrification in areas Under Valmiki Nagar Parliamentary Constituency-Laid.

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकिनगर): मैं सरकार का ध्यान दोन क्षेत्र में विद्युत्तीकरण के संबंध में आकृष्ट कराना चाहता हूँ। मेरा लोकसभा क्षेत्र वाल्मीकि नगर जंगलो एवं नदियों से घिरा हुआ है। इस क्षेत्र में लगभग 3 लाख से अधिक की संख्या में थारू एवं उराँव जनजाति के लोग निवास करते है। यह क्षेत्र अभी भी बहुत पिछड़ा है तथा मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। आज सरकार द्वारा देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है किन्तु यह क्षेत्र विकास के सूचकांक से कोसो दूर है। यहाँ के निवासियों को वर्ष 2019 से पूर्व मोबाइल से बात करने के लिए पेड़ पर चढ़ना पड़ता था, क्योंकि मोबाइल में नेटवर्क ही नहीं आते थे। इस समस्या को मेरे पूज्य पिताजी दिवंगत सांसद स्व० बैद्यनाथ प्रसाद महतो जी ने सदन में उठाया था, उनकी ही मांग पर सरकार द्वारा इस क्षेत्र में मोबाइल टावर्स स्थापित हुए थे। आज इस क्षेत्र के लोगो को दूरसंचार की समस्या से मुक्ति मिली है। इस क्षेत्र में विद्युत्त की आपूर्ति के लिए बिहार सरकार द्वारा सौर उर्जा द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कर विद्युत की आपूर्ति की जा रही है। इस क्षेत्र के सर्वागीर्ण विकास के लिए स्थायी विद्युत्त आपूर्ति की अत्यंत आवश्यकता है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इस जनजातीय क्षेत्र में विद्युत्तीकरण यथाशीघ्र या जाए।